चोरों के निशाने पर रेलवे स्टेशन, बढ़ रही घटनाएं

रेलवे संपत्ति और जनसुविधाएं असुरक्षित, RPF की निष्क्रियता पर मातृ शक्ति संगठन ने उठाए गंभीर सवाल

सिवनी नवभारत। आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक स्वरूप से सुसज्जित रेलवे स्टेशन आज यात्रियों के लिए सुविधा और सुरक्षा का प्रतीक होना चाहिए, लेकिन लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन के मन में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। स्टेशन की बाहरी चमक-दमक के पीछे सुरक्षा व्यवस्था की कमजोर स्थिति लगातार उजागर हो रही है, जिससे यात्रियों के साथ-साथ सामाजिक संगठन और रेलवे प्रशासन की चिंताएं भी बढ़ रही हैं।

मातृ शक्ति संगठन की अध्यक्ष सीमा चौहान ने बताया कि पिछले कुछ समय से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल फोन, पर्स, बैग और अन्य मूल्यवान सामान की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पीड़ित यात्रियों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सहायता और संतोषजनक कार्रवाई नहीं मिल पा रही है। सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की कार्यप्रणाली को लेकर यात्रियों और नागरिकों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोरी की घटनाएं केवल यात्रियों के सामान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रेलवे की संपत्तियां भी लगातार चोरों के निशाने पर हैं। समय-समय पर रेलवे के महंगे उपकरणों और अन्य आवश्यक संसाधनों की चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे रेलवे को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

संगठन ने यह भी बताया कि भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मातृ शक्ति संगठन द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर 2 वाटर कूलर स्थापित करवाए गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि जनहित में लगाए गए इन वाटर कूलरों के नल महज चार दिन के भीतर ही चोरी हो गए। यह घटना न केवल सामाजिक सरोकारों को आघात पहुंचाने वाली है, बल्कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को भी उजागर करती है। यदि यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए संसाधन भी सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं, तो यह सुरक्षा तंत्र की निष्क्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।

संगठन को प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन स्तर के अधिकारियों ने भी चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। स्वयं स्टेशन अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई शिकायतें भेजी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और न ही स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है।

मातृ शक्ति संगठन की अध्यक्ष ने इस गंभीर विषय को लेकर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की तथा अपनी नाराजगी व्यक्त की, एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की, किंतु प्राप्त उत्तर भी निराशाजनक रहा। संबंधित अधिकारी द्वारा यह कहना कि वे स्वयं भी RPF को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ, यह दर्शाता है कि समस्या कितनी गहरी और चिंताजनक हो चुकी है।

संगठन का मानना है कि रेलवे स्टेशन केवल यात्रियों के आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि किसी भी शहर और जिले का प्रवेश द्वार होता है। देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले यात्री यहां के अनुभवों के आधार पर पूरे क्षेत्र की छवि अपने साथ लेकर जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें असुरक्षा, चोरी और लापरवाही का सामना करना पड़े, तो यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि जनविश्वास को भी आघात पहुंचाने वाली स्थिति है। जब यात्रियों का सामान, रेलवे की करोड़ों की संपत्ति और समाजसेवियों द्वारा जनहित में उपलब्ध कराई गई सुविधाएं तक सुरक्षित नहीं हैं, तब यह केवल चोरी की घटनाएं नहीं बल्कि सुरक्षा व्यवस्था की विफलता का आईना हैं। रेलवे स्टेशन की पहचान उसकी सुंदर इमारत से नहीं, बल्कि वहां आने वाले प्रत्येक यात्री की सुरक्षा और विश्वास से होती है। अब समय आश्वासनों का नहीं, बल्कि ठोस और दृश्यमान कार्रवाई का है।

स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल हो समीक्षा

मातृ शक्ति संगठन ने रेलवे प्रशासन एवं RPF के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल समीक्षा की जाए, सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाया जाए, पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा चोरी की घटनाओं में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए ताकि यात्रियों का विश्वास पुन: स्थापित हो सके। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि यात्रियों, रेलवे संपत्तियों और जनहित में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र एवं प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आमजन के हित में इस मुद्दे को और व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

दिनदहाड़े हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

क्षेत्र में आक्रोश; जांच में जुटी छपारा पुलिस

छपारा नवभारत। नगर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। नगर के वार्ड नंबर 10, विवेकानन्द वार्ड के बीटीआई स्थित खैर माई मढ़िया के समीप हनुमान मंदिर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहाँ विगत 9 जून दिन मंगलवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर चढ़ा हुआ एक चांदी का मुकुट चोरी कर लिया गया। इस घटना से मंदिर समिति और क्षेत्रीय जनता में गहरा आक्रोश है ।?चोरी की भनक मंगलवार शाम लगभग 6 बजे लगी। प्रतिदिन की तरह जब मंदिर के सेवादार केशरी रघुवंशी संध्या आरती से पहले मंदिर परिसर पहुंचे, तो उन्होंने प्रतिमा से मुकुट गायब देखा। साफ-सफाई और पूजा की तैयारी के दौरान मुकुट न पाकर उन्होंने तुरंत मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि चोरी गया चांदी का मुकुट लगभग 250 ग्राम वजनी था। सुबह की आरती के बाद तक मुकुट प्रतिमा पर ही विराजमान था, जिससे साफ है कि वारदात को दिन के उजाले में ही अंजाम दिया गया है। चूंकि यह मंदिर मुख्य व्यस्त मार्ग से लगा हुआ है, इसलिए दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से लोग हैरान हैं और ऐसे कृत्य की कड़ी निंदा कर रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा छपारा पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। सूचना मिलते ही छपारा पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और बारीकी से छानबीन शुरू कर दी वहीं दूसरे दिन एफ एस एल टीम एवं डाग स्क्वायड द्वारा भी मौके पर पहुंच जरुरी साक्ष्य एकत्रित किए वहीं पूरे मामले पर पुलिस का कहना है कि चोरों का सुराग लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

धनौरा के काम्पलेक्स में दुकान वितरण को लेकर उठ रहे सवाल

चहेते लोगों व छुटभैय्या नेताओं को कर रहे दुकान वितरण

धनौरा नवभारत। सिवनी जिले की जनपद पंचायत धनौरा मुख्यालय की ग्राम पंचायत धनौरा आये दिन भ्रष्टाचार के किसी न किसी मामले में सुर्खियां में बनी रहती है। ऐसा ही एक और भ्रष्टाचार नवनिर्माण कॉम्प्लेक्स वितरण का मामला प्रकाश में आया है जहाँ कमजोर और गरीब तबके के लोगो को दर किनार कर सरपंच सचिव ने कुछ छोटे भैया नेताओ के साथ साठगांठ कर अपने चेहतों को उक्त कॉम्प्लेक्स की चाबी सौप दी गई। धनौरा बाजार चौक में नवनिर्मित कॉम्प्लेक्स शुरुआत से ही विवादों में घिरी हुई बाजार की भूमि में नियम विरुद्ध तरीके से उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था तत्कालीन सचिव के के साहू ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा और गरीब कमजोर असहाय वर्गों के लोगो को दर किनार करने के लिए पगड़ी जमा के नाम से भ्रष्टाचार का बीज बोया था जिससे गरीब कमजोर वर्ग के लोग अपने जीवन को सुधारने के लिए कॉम्प्लेक्स की मांग न कर सके जिसके बाद सरपंच सचिव ने पंचायत के खाते और स्वाम के खाते में राशि डलवाई थी। आदिवासी और यादव समाज के अधिकतर लोग निर्धन एंव आर्थिक कमजोर परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर है ऐसे कमजोर वर्ग के लोगो को भी दर किनार किया गया और अपने चेहतों को उक्त दुकानों की चाबी देने का मामला सामने आ रहा है जिसकी शिकायत आशीष जैन ने बताया कि 12 नम्बर की कॉम्प्लेक्स मुझे मिलना था परंतु सरपंच दिनेश ने अपने करीबी को वह दुकान दे दी जिसकी शिकायत आशीष जैन ने धनौरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओमकार सिंह ठाकुर जिला पंचायत की सीईओ जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत कर जांच की मांग करते हुए उक्त 12 कॉम्प्लेक्स को अपने अधीनस्थ लेने की अपील की और जिन लोगो द्वारा समान रख लिया गया उन्हें खाली कराकर सील करने की कार्यवाही की मांग की गई।

नदी में डूबने से मौत

उगली नवभारत। गत दिवस सिवनी जिले के पुलिस थाना उगली के अंतर्गत बैनगंगा नदी के तट पर संगम स्थल पर पिंडदान के लिए आए एक परिवार के व्यक्ति की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई,प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी उगली ने बताया कि गत दिवस संगम स्थल पर ग्राम दोरेंदा का परिवार पिंडदान के लिए आए हुए थे,जहां पर लालबर्रा थाना के अंतर्गत आने वाले कन्हार टोला निवासी मोहर सिंह राणा उम्र 50 लगभग पानी में डूब जाने से मृत्यु हो गई,जिसकी जानकारी परिजनों के द्वारा उगली थाना को दी गई,मौके पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से घंटो मस्क्कत करने के बाद शव को सुरक्षित बाहर निकला गया, देर शाम रात होने की वजह से पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए केवलारी सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, अगले दिन शव का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शौंपने की कार्यवाही की गई. बता दें की हिर्री,बैन गंगा संगम स्थल पर प्रतिवर्ष इस तरह के हादसे अक्सर होते रहते हैं, क्योंकि इस स्थान पर श्रद्धालु पिंडदान के लिए आते है।

सड़क व नाली निर्माण को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

छपारा नवभारत। नगर परिषद छपारा के स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 के रहवासियों ने 10 जून को अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वार्ड वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अधूरी सीसी सड़क, पक्की नाली निर्माण और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

निवासियों का कहना है कि सतीश यादव के मकान से लेकर चीफ रोड तक सीसी रोड का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। इसके चलते आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

वार्डवासियों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर पक्की नालियां नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

इसके अलावा रहवासियों ने मार्ग पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग भी प्रशासन से की है, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन इस ज्ञापन पर कब तक कार्रवाई करता है और वार्डवासियों को राहत मिल पाती है या नहीं।

एक नजर में

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया विशेष पूजन

सिवनी। बुधवार को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने केन्द्र मे भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयोजित विभिन्न सेवा कार्यक्रमों मे सहभागिता कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ, यशस्वी जीवन के लिए विशेष आरती-पूजन किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी नगर के शुक्रवारी स्थित राममंदिर प्रांगण मे प्रात: 08:30 बजे से भाजपा मंडल स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के सफलतम एवं ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ मंदिर मे भगवान दर्शन पूजन कर मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए महाआरती किया। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने स्वच्छता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्रीराम मंदिर परिसर और शुक्रवारी क्षेत्र मे स्वच्छता अभियान चलाया तथा स्वयं न सिर्फ साफ-सफाई की, बल्कि आमजन को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का भी संदेश भी दिया।

बिना लाइसेंस 150 बैग डीएपी उर्वरक का भंडारण आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज

सिवनी। कृषि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में घंसौर क्षेत्र के ग्राम बाम्हनवाड़ा में बड़ी मात्रा में डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम कहानी निवासी अशोक कुमार गोल्हानी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घंसौर श्रीमती रश्मि राजनेगी को 9 जून को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित एक मकान में डीएपी उर्वरक का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान शिवकुमार मसराम के मकान में डीएपी उर्वरक की 150 बोरियां भंडारित पाई गईं। प्रत्येक बोरी का वजन 50 किलोग्राम था। मकान मालिक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ में जानकारी मिली कि उक्त मकान ग्राम कहानी निवासी अशोक कुमार गोल्हानी द्वारा किराये पर लिया गया था तथा वहीं उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों ने अशोक कुमार गोल्हानी को मौके पर बुलाकर उर्वरक के भंडारण एवं विक्रय से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन वह कोई वैध लाइसेंस अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। शिकायत के आधार पर घंसौर पुलिस ने अशोक कुमार गोल्हानी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

प्रादेशिक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने ली बैठक, नवीन इकाई का किया गठन

छपारा नवभारत। मध्यप्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 10 जून दिन बुधवार दोपहर को छपारा नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों के हितों को लेकर गहन चर्चा की गई और संगठन के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान संगठनात्मक जिम्मेदारियों को लेकर भी निर्णय लिए गए, जिसमें भूपत अहिरवार को अध्यक्ष पद के लिए तथा संतोष रघुवंशी को सचिव पद के लिए प्रस्तावित किया गया। सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त करते हुए इन दोनों को जिम्मेदारी सौंपी।

बैठक में प्रांतीय और जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। संगठन ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार पहल की जाएगी और शासन स्तर पर बातचीत कर समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। बैठक में अजय सोनी विशाल मिश्रा शिव पाठक श्रीमती प्रीति यादव श्रीमती रेखा नामदेव, उदित, अनिल मेश्राम, प्रमोद उईके और सौरभ डेहरिया उपस्थित रहे ।

आवेदन की अंतिम तिथि 24 जून

सिवनी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी द्वारा जिले में विधिक जागरूकता एवं सहायता गतिविधियों के संचालन के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स (पीएलवी) के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जून 2026 सायं 5 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पैरालीगल वालेंटियर्स समाज के कमजोर, पिछड़े एवं जरूरतमंद वर्गों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने, लीगल एड क्लीनिकों, पुलिस थानों तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करेंगे। यह कार्य पूर्णत: सेवाभावी है, न कि नौकरी। निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने पर मानदेय प्रदान किया जा सकेगा। अन्य जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकारण कार्यालय सिवनी से प्राप्त की जा सकती है।

जिला कांग्रेस ने उपवास रख दिया धरना, जलाया पुतला

सिवनी नवभारत। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय जनता पार्टी वोट चोरी करते-करते, सीट चोरी पर उतर आई। गांधी वादी विचारधारा से प्रेरित सीधी सरल महिला सुश्री मीनाक्षी नटराजन को कांग्रेस द्वारा राज्यसभा के लिए मध्यप्रदेश से अपना प्रत्याशी घोषित किया, क्योंकि कांग्रेस के पास राज्यसभा भेजने हेतु पर्याप्त संख्या बल था। भारतीय जनता पार्टी की मंशा उसी समय स्पष्ट हो गई थी जब उनके पास म.प्र. में राज्यसभा के लिए तीसरा प्रत्याशी पर्याप्त विधायको की संख्या नही होने के बाद भी चुनाव में उतारा। उनके द्वारा कांग्रेस विधायकों को खरीदने के प्रयास भी किए गए जब इन प्रयासों में सफलता नही मिली तो चुनाव आयोग का सहारा लेकर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त करा दिया गया। यह पहली घटना नही है जिस तरह भाजपा ने देश के लोकतंत्र को कई बार शर्मसार किया है, वही भाजपा ने भ्रष्टाचार, बलात्कार, हत्या में लिप्त अनेक अपराधियों को नियमों को ताक में रखकर देश के प्रमुख पदों पर बैठा दिया है, भारतीय जनता पार्टी की यही हरकत रही तो देश में लोकतंत्र नहीं रहेंगा।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा इस घटना के विरोध में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपवास रखकर धरना दिया गया, जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया, जिला युवा कांग्रेस द्वारा कचहरी चौक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेन्द्रसिंह का पुतला जलाया गया।

आयोजन टैगोर वार्ड स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में जुटेंगे श्रद्धालु, भजन संध्या का भी होगा आयोजन, होंगे मांगलिक अनुष्ठान एवं विशाल भंडारा

प्राचीन सूर्य मंदिर में 12 से 13 जून तक पंचम पाटोत्सव

सिवनी नवभारत। श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी सीलादेही के तत्वावधान में टैगोर वार्ड स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में पंचम पाटोत्सव पर्व के अवसर पर 12 एवं 13 जून 2026 को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

जिला मुख्यालय के टैगोर वार्ड स्थित यह प्राचीन सूर्य मंदिर कलचुरी युग में निर्मित माना जाता है। मंदिर का जीर्णोद्धार श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी एवं समाजसेवियों के सहयोग से कराया गया, जिसके बाद यहां भगवान सूर्य देव की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। वर्तमान में यह मंदिर सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है।

मंदिर की विशेषता यह है कि सूर्योदय होते ही सूर्य की पहली किरण सीधे मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान सूर्य देव पर पड़ती है। मंदिर परिसर में 16 खंभों पर निर्मित यज्ञशाला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

12 जून को होंगे गणेश-गौरी पूजन एवं ध्वजारोहण

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 12 जून को सूर्योदय से गणेश-गौरी पूजन, सूर्य अभिषेक एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में संपन्न कराए जाएंगे।

13 जून को हवन, सूर्यार्चन एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ

13 जून को सूर्योदय से सूर्य अभिषेक एवं हवन होगा। इसके पश्चात सूर्यार्चन, सूर्यार्थ्य, सूर्य कवच एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं से इन मांगलिक अनुष्ठानों में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

शाम को विशाल भंडारा एवं भजन संध्या

पाटोत्सव के अंतिम दिन 13 जून को विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

समस्त धार्मिक कार्यक्रम पंडित नीरज तिवारी एवं प्रधान पुजारी अंशु तिवारी तथा अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से समय का विशेष ध्यान रखते हुए सूर्य देव को जल अर्पित करने का आग्रह किया है, जिससे पितृ दोषों का निवारण एवं सुख-शांति की प्राप्ति हो सके।

मंदिर परिसर में धार्मिक पौधों का विशेष महत्व

समिति के संतोष अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर में हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार बेलपत्र, पीपल, रुद्राक्ष, आंवला, समी एवं सिंदूर जैसे धार्मिक महत्व वाले पौधों का रोपण किया गया था, जो अब बड़े वृक्ष बन चुके हैं। इसके अलावा परिसर में फलदार पौधे, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले एवं सूर्य देव को अर्घ्य देने हेतु विशेष अर्घ्य कुंड भी बनाया गया है। कार्यक्रम में सांसद विधायक सहित जनप्रतिनिधि एवं धर्म प्रेमी उपस्थित रहेंगे। प्राचीन सूर्य मंदिर महिला समिति एवं प्राचीन सूर्य मंदिर दुर्गा उत्सव समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सहपरिवार पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

सत्य सांई सेवा समिति बांट रही फूड पैकेट

सिवनी नवभारत। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आये अटेण्डर की आवश्यकता को देखते हुए, उनके भोजन पैकेट की व्यवस्था करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है जिसमें श्री सत्य साई सेवा समिति के माध्यम से पिछले एक वर्ष 29 जून 2025 से लगातार बिना रुकावट के प्रतिदिन संचालित हो रही है माह की प्रत्येक तिथि और दिन ग्रामवार आवंटित कर दिये गये हैं जिसके अनुसार ग्रामवासी स्वयं घरों से फुड पैकेट कलेक्ट कर नियमानुसार प्रात: 10 बजे से 11 बजे के बीच जिला चिकित्सालय सिवनी पहुचाते हैं जहाँ पहले से उपस्थित सेवा दल के सदस्य विधिवत श्री सत्य साई सेवा समिति के बैनर तले सुसज्जित टेबल में पैकेटों को जमाकर वैदिक मंत्रों के साथ कतारबद्ध लगे जरूरतमंद लोगों को बड़े प्रेम से बांटते हैं जानकारी के अनुसार 31 मई 2026तक 40196 फुड पैकेट जो 21275 परिवारों के सहयोग से 2400 पुरुष सेवा दल एवं 260 महिला सेवा दल के हाथ से वितरित किए गए हैं। आगामी 28 जून को योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर एक व्रहद कार्यक्रम कर सेवा भगवान् को समर्पित की जाएगी एवं स्वामी से प्रार्थना करेंगे कि यह जनहितकारी योजना उनके आशीर्वाद से अनवरत चलती रहे।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील

सिवनी नवभारत। अब बिजली बिल की चिंता छोड़िए। भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मार्च 2027 से पूर्व रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराकर उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश में अब तक 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना में नामांकित हो चुके हैं। मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना के संबंध में हितग्राहियों को प्रमाणित एवं त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्हाट्सएप चैटबॉट सोलर चाचा का शुभारंभ किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक उपभोक्ता आज ही अपना सोलर सफर प्रारंभ करने के लिए जारी क्यूआर कोड स्कैन करें अथवा मोबाइल नंबर 8815107640 पर संदेश भेजकर चैटबॉट सेवा का लाभ प्राप्त करें।